तेरा दर | by Raj Pareek

तेरा दर मिल गया मुझको सहारा हो तो ऐसा हो ।
तेरी किरपा से चलता है गुज़ारा हो तो ऐसा हो ॥

ज़माने में नहीं देखी, कोई सरकार इन जैसी ।
हमें ये नाज़ है मालिक, हमारा हो तो ऐसा हो ॥

ये हर दिल की तमन्ना है, तेरी चौखट पे दम निकले ।
रहे तू सामने मेरे, नज़ारा हो तो ऐसा हो ॥

किसी ने नौकरी माँगी, किसी ने चाकरी माँगी ।
मेरा तो बाप ही तू है, सितारा हो तो ऐसा हो ॥

गया ना लौटकर ख़ाली, जो आया माँगने तुमसे ।
दिया औक़ात से ज्यादा, द्वारा हो तो ऐसा हो ॥

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%a6%e0%a4%b0-by-raj-pareek/